रूपिन्दर सिंह कुन्नर जिलाध्यक्ष बने

श्रीगंगानगर, (कासं)। कांग्रेस ने 45 जिला अध्यक्षों की सूची जारी कर दी है। श्रीगंगानगर में श्रीकरणपुर से कांग्रेस के विधायक रूपेन्द्र सिंह कुन्नर को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इससे पहले अंकुर मिगलानी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष थे।

हालांकि इससे पहले सादुलशहर से पूर्व विधायक जगदीश चंद्र जांगिड़ का नाम भी जिलाध्यक्ष की रेस में चल रहा था। जांगिड़ गहलोत गुट के हैं। रुपिंदर सिंह कुन्नर की विधायक के रूप में सक्रियता और सिख समुदाय में लोकप्रियता को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई। कुन्नर किसानों की समस्याओं को लेकर आंदोलनों में भी सक्रिय रहते हैं। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह भी सिख समुदाय से है। ऐसे में राजस्थान में सिख बाहुल्य क्षेत्र में पंचायती चुनाव में वोटरों को साधने के लिए कुन्नर को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। रूपिंदर सिंह कुन्नर, पूर्व मंत्री स्व. गुरमीत सिंह कुन्नर के बेटे हैं। साल 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने गुरमीत सिंह कुन्नर को फिर से टिकट दिया था, मगर 25 नवम्बर को प्रस्तावित चुनाव से पहले ही इनका निधन हो गया था। इसके चलते करणपुर में 25 नवम्बर को चुनाव टाल दिए गए थे। फिर 5 जनवरी को उपचुनाव हुए तो कांग्रेस ने उनके बेटे रूपिंदर सिंह को टिकट दिया। भाजपा ने करणपुर उपचुनाव में सियासी दांव खेला और मतदान से पहले अपने प्रत्याशी सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी को राज्यमंत्री बनाया। 8 जनवरी को चुनाव परिणाम आने पर सुरेन्द्र पाल सिंह की हार हुई तो इसी दिन शाम को उन्होंने अपने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया।

200 किमी लम्बी 'वेदांता टूर डी थार' अंतरराष्ट्रीय साइक्लिंग रेस

बीकानेर, (कासं)। केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल की पहल पर देश में पहली बार 200 किमी लम्बी 'वेदांता टूर डी थार' अंतर्राष्ट्रीय साइक्लिंग रेस का आयोजन बीकानेर में किया गया। मेघवाल ने रविवार सुबह 08.15 बजे नौरंगदेसर में साइक्लिंग रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, खाजूवाला विधायक डॉ विश्वनाथ मेघवाल, श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत, लालेश्वर महादेव मंदिर के महंत विमर्शानंद, फ्रांस से आये पीयर गिरबॉड सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

- एमेच्योर 200 किमी में अनूप कुमार और अर्पिताकेतन पंडिया और 100 किमी में हर्ष कुमार और बरनाली महेला चैम्पियन बने

'वेदांता टूर डी थार' अंतरराष्ट्रीय साइक्लिंग रेस में केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने साइकिल चलाकर शुभारंभ किया।

साइक्लिंग रेस का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत जामनगर से अमृतसर भारतमाला एक्सप्रेस वे पर नौरंगदेसर में हुआ। एनएचएआई के सहयोग से नौरंगदेसर से देसलसर तक 50 किलोमीटर की दूरी में सड़क को दोनों साइड से ट्रैफिक फ्री रखा गया। सीएफआई के वी.एन. सिंह ने बताया कि भारत में साइक्लिंग रेस का आयोजन नोएडा, चेन्नई, बैंगलोर, हैदराबाद, चंडीगढ़ इत्यादि जगहों पर होता है। जो 50-60 किलोमीटर तक ही आयोजित की जाती है। देश में पहली बार 200 किलोमीटर लम्बी अंतर्राष्ट्रीय साइक्लिंग रेस का आयोजन हुआ है। सिंह ने बताया कि साइक्लिंग रेस में फ्रांस, स्विटजरलैंड, सिंगापुर समेत देश के विभिन्न राज्यों राजस्थान समेत जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उड़ीसा, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, गुजरात, गोआ, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, केरल, तेलंगाना, चंडीगढ़, दमन एवं दीव, दादरा एंड नगर हवेली के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय साइकिलस्टों ने हिस्सा लिया। हिस्सा लेने वालों में 16 वर्ष से लेकर 69 वर्ष आयु तक के प्रतिभागी शामिल थे। सीएफआई के वी.एन.सिंह ने बताया कि यह साइक्लिंग रेस एलिट और एमेच्योर दो कैटेगरी में आयोजित हुई।

सीएफआई के वी.एन.सिंह ने बताया कि एलिट कैटेगरी में आयोजित 100 किमी साइक्लिंग रेस में पुरुष वर्ग में टॉप 10 खिलाड़ी क्रमशः साहिल कुमार, विश्वजीत सिंह, सचिन देसाई, मुकेश कुमार कस्वां, सूर्या थट्टू, वैंकप्पा केंगालागुट्टी, अरशद फरीदी, चिराग सहगल, अदवैथ शंकर एसएस और कृष्णा नायाकोडी रहे।

रेस डायरेक्टर राजेश गिरधर ने बताया कि एमेच्योर 200 किमी में अनूप कुमार और अर्पिताकेतन पंडिया चैंपियन बनें। वहीं पुरूष वर्ग में दूसरे और तीसरे स्थान पर क्रमशः संजीव शर्मा व बजरंग गोदारा रहे। वहीं महिला वर्ग में दूसरे स्थान पर रानी माहेश्वरी रहीं।

100 किमी में महिला वर्ग में टॉप श्री क्रमशः बरनाली महेला, सिद्धी वाफेलकर और अनामिका वर्मा और पुरूष वर्ग में टॉप श्री हर्ष पंवार, विनय गोस्वामी, मलय गुप्ता रहे। वहीं 6-30 वर्ष, 31-45 वर्ष और 45 वर्ष से ज्यादा वर्ग में भी 100 और 200 किमी में टॉप श्री घोषित किए गए। हर साल इस साइक्लिंग रेस का आयोजन इसी स्थान पर होगा। इससे बीकानेर का नाम अंतरराष्ट्रीय पर भी चमकेगा।

कांग्रेस बीएलए प्रशिक्षण शिविर

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आज बीकानेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में मतदाता सूची के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के लिए बीकानेर पश्चिम के बूथ लेवल एजेंट का प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ

नितिन वत्सस ने बताया कि इस दौरान फॉर्म को भरने की पूरी प्रक्रिया और क्या क्या आवश्यकता रहेगी हर बिन्दु पर विस्तार से बताया गया। शिविर की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस सदस्य निवर्तमान अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने करते हुए कहा कि बीएलए अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी सजगता से करें और वे पूर्व की भाति संगठन की मजबूती के लिए हर समय कार्यकर्ताओं के लिए तैयार रहेंगे। शुरूआत में यशपाल गहलोत ने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में सभी के सहयोग के लिए कोटि कोटि आभार धन्यवाद व्यक्त किया

पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. बी. डी. कल्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एसआईआर की आड में कांग्रेस समर्थित वोट को कटवाने का कार्य करती आई है, यहां भी ऐसा ही होगा। इसलिए हमारा कर्तव्य है कि पूरी ईमानदारी के साथ मिलकर अपने लोगों के फॉर्म सही तरीके से भरवाए और अगर कहीं गफलत लगे तो बताएं। हम उसका निवारण करेंगे। आप सभी पूरी मुस्तैदी के साथ पूरी कार्यवाही पर अपनी निगरानी रखें।

निर्वाचन शाखा की तरफ से विशेष रूप से आये संदीप राठी ने प्रक्रिया की हर गतिविधि को बिन्दुवार समझाते हुए इसकी प्रणाली बताई। बीकानेर पश्चिम विधानसभा समन्वयक एडवोकेट सद्दाम हुसैन ने कहा कि आने वाला समय चुनौती भरा है।

सार-समाचार

व्यास ने किया सड़क का शिलान्यास

विधायक जेठानंद व्यास ने लक्ष्मीनाथ मंदिर से रत्ताणी व्यासों की बगीची वाली सड़क का शिलान्यास किया।

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने रविवार को पुष्करणा ग्राउंड के पीछे वाली गली लक्ष्मीनाथ मंदिर से रत्ताणी व्यासों की बगीची वाली गली तक 68 लाख रूपए की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि बजट घोषणा की अनुपालना में बनने वाली सड़क से आमजन का आवागमन सुलभ होगा। उन्होंने निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता और समयबद्धता से करने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विकास की दिशा में अनवरत कार्य किए जा रहे हैं। सड़कों की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। आने वाले दिनों में इसमें और अधिक बदलाव देखने को मिलेगा। विधायक ने कहा कि विधायक सुनवाई केंद्र के माध्यम से आमजन की समस्याएं सुनने एवं उनके निस्तारण की दिशा में सक्रियता से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में भी सतत रूप से जनसुनवाई की जा रही है। आमजन को अधिक से अधिक राहत मिले, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान जे पी व्यास, नरेश जोशी, जोगेंद्र शर्मा, महेंद्र व्यास, छगनलाल सुथार, भुवनेश पुरोहित, सरजू नारायण पुरोहित, गोपाल आचार्य, कमल सांखला, रघुनंदन आचार्य, प्रतीक स्वामी, संतोष आचार्य, मगाराम कस्वा,मनीष स्वामी, महेंद्र व्यास, अधिशासी अभियन्ता सुभाष स्वामी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

जूनोटिक रोगों के बचाव बताये

बीकानेर, (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज, बीकानेर के शिशु एवं बाल रोग विभाग, बीकानेर पीडियाट्रिक्स सोसायटी तथा भारतीय बाल चिकित्सा, अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आचार्य तुलसी रिसर्च एवं अनुसंधान केन्द्र के प्रेक्षागृह में बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञों की जूनोटिक रोग, कारण, प्रभाव व नियंत्रण पर एक दिवसीय कार्यशाला रविवार को हुई। कार्यशाला में बीकानेर जिले के निजी एवं सरकारी अस्पतालों के 75 से अधिक बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञों ने वन हैल्थ जूनोटिक रोगों के बचाव व उपचार पर गहन चर्चा की। कार्यशाला में उदयपुर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.देवेन्द्र सरीन की दीर्घकालीन चिकित्सा व संगठन में सेवाओं पर अभिनंदन किया गया। कार्यशाला में उदयपुर के डॉ. सरीन, जयपुर के डॉ.विष्णु पंशारी, भीलवाड़ा के डॉ.अतुल हेड़ा व डॉ.कुलदीप सिंह राजपूत ने स्लाइड शो के माध्यम से शोधपूर्ण, आधुनिक चिकित्सा की जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों के प्रस्तुत विषय पर भ्रांतियों को दूर करते हुए बच्चों की बेहतर चिकित्सा करने का सुझाव दिया। उदयपुर के डॉ. देवेन्द्र सरीन ने कहा कि विभिन्न तरह के वायु, धूल, धुआं के प्रदूषण, जानवरों से संपर्क से अनेक बच्चों को बीमारियां व रोग निरोधक क्षमता कम होती है। चिकित्सक बच्चे की पारिवारिक रहन सहन, क्षेत्र के वातावरण को ध्यान में रखते हुए इलाज करें। उन्होंने मवेशियों में होने वाली ब्रूसेलोसिस बीमारी के बच्चों में होने के कारण एवं उसके उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बीकानेर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.पी.सी.खत्री ने ब्रूसेलोसिस रोगी बच्चों के इलाज के अनुभव बताए। जयपुर के डॉ.विष्णु पंसारी ने कुत्तों व अन्य पालतू जानवरों के काटने से होने वाले रेबीज रोग व उसके इलाज के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बीकानेर के पी.बी.एम. में वर्ष में करीब 11 हजार लोग कुत्तों के काटने के शिकार होते है।

खांसी, जुकाम, वायरल बुखार के रोगी बढ़े, डेंगू का भी कहर

बीकानेर, (कासं)। संभाग के सबसे बड़े पीबीएम हॉस्पिटल में डेंगू रोगियों की संख्या इस साल अब तक 800 तक पहुंच गई है। रोज 12-13 पॉजिटिव केस आ रहे हैं, जिनमें पांच साल से अधिक उम्र के बच्चे भी हैं।

बच्चा हॉस्पिटल में रोज करीब 700 बच्चे बुखार से पीड़ित होकर आ रहे हैं। इनमें से करीब 50-60 मरीजों को भर्ती करना पड़ रहा है। इस बार पांच से दस साल तक के बच्चों में डेंगू ज्यादा देखने को मिल रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार बच्चा हॉस्पिटल में खांसी, जुकाम, वायरल बुखार के रोगी बढ़ गए हैं। इनमें से पांच-छह के डेंगू पॉजिटिव आ रहा है, लेकिन गंभीर रोगी नहीं है। इसका कारण है लोगों में जागरूकता। बुखार होते ही अभिभावक तत्काल बच्चे को डॉक्टर को दिखा रहे हैं। डेंगू टेस्ट के दौरान एनएस1 पॉजिटिव आते ही उसका उपचार शुरू हो जाता है, जिससे बच्चा आईजीएम टेस्ट तक नहीं पहुंच पाता।

- करीब सवा सौ मरीजों की डेंगू जांच में रोज 12-13 केस पॉजिटिव आ रहे हैं

आईजीएम पॉजिटिव आने का मतलब रोगी की स्थिति गंभीर है। यह उस स्थित में होता है, जब बच्चे को चार-पांच दिन ठहरकर हॉस्पिटल लाया जाता है। इसी प्रकार मेडिसिन ओपीडी में रोज एक हजार मरीज वायरल बुखार के आ रहे हैं। इनमें से करीब सवा सौ मरीजों की डेंगू जांच में रोज 12-13 केस पॉजिटिव आते हैं। सीएमएचओ की रिपोर्ट के अनुसार जिले में डेंगू के अब तक 561 मरीज रिपोर्ट हुए हैं। पेट में गंभीर या लगातार दर्द की शिकायत। लगातार उल्टी (24 घंटे में 3 या उससे ज्यादा बार), नाक या मसूड़ों से खून आए तो डेंगू हो सकता है। तत्काल जांच करानी चाहिए। इसके साथ ही सांस लेने में कठिनाई या तेज सांस लेना, थकान, बेचैनी, बेहोशी, पीली और ठंडी त्वचा भी डेंगू का संकेत है। प्रदेश में सबसे ज्यादा डेंगू के 561 केस बीकानेर जिले में रिपोर्ट हुए हैं, जो प्रदेश में सबसे ज्यादा है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ें देखें तो दूसरे नंबर पर श्रीगंगानगर है। वहां 289 पॉजिटिव केस आ चुके हैं।

डॉ. जी.एस तंवर, एचओडी, पीडिया, पीबीएम हॉस्पिटल बीकानेर का कहना है कि डेंगू बुखार उतरने का मतलब ठीक होना नहीं है। यह सबसे जोखिम भरे दौर की शुरूआत का संकेत है। माता-पिता को बुखार उतरने के बाद 24-48 घंटों तक अपने बच्चों पर कड़ी नज़र रखनी चाहिए।

आग से लाखों का नुकसान

जसरासर, (कासं)। नोखा के जसरासर क्षेत्र में मूंदड़ गांव स्थित एक ढाणी में भीषण आग लग गई। इस घटना में लाखों रूपए का सामान जलकर खाक हो गया। ढाणी में रखी नगदी, सोने-चांदी के जेवरात और अन्य कीमती सामान पूरी तरह नष्ट हो गए।

यह ढाणी मूंदड़ गांव से करीब एक किलोमीटर पूर्व दिशा में स्थित रामचंद्र नाई की है। अचानक ढाणी से आग की तेज लपटें उठती दिखाई दी। शोर सुनकर आसपास के किसान मौके पर पहुंचे और मिट्टी व पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक पूरी ढाणी जलकर राख हो चुकी थी। ढाणी मालिक ने बताया कि आग से 1 लाख 12 हजार रूपए नकद, दो सोने की ढूंशी, दो चांदी के कड़े, दो मंगलसूत्र, दो जोड़ी पायल और अन्य घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गए। रामचंद्र सियाग ने आग लगने का संभावित कारण चूल्हे की चिंगारी बताया है। पीडित परिवार ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है।

परीक्षा देने गई युवती की स्कूटी से जेवर चोरी

श्रीगंगानगर, (कासं)। कॉलेज में बनाए सेंटर में परीक्षा देने गई युवती के गहने चोरी हो गए हैं। ये गहने पार्किंग में खड़ी की गई स्कूटी की डिक्की में रखे थे।

यह वारदात 22 नवम्बर की सुबह 9:30 से दोपहर 12 बजे के बीच हुई। युवती के पिता की ओर से अज्ञात चोर के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। हैड कांस्टेबल मुकेश कुमार को जांच सौंपी गई है। पीडित जवाहर नगर सेक्टर 7 निवासी सुरेंद्र कुमार ने पुलिस को दिए परिवाद में बताया है कि उसकी बेटी भानू का खालसा कॉलेज में बैंक का आरआरपीओ का पेपर था। वह स्कूटी लेकर कॉलेज गई थी। पार्किंग में स्कूटी रोकी और 9:38 बजे परीक्षा कक्ष में चली गई। वापस दोपहर 12:15 बजे आकर स्कूटी की डिक्की खोली तो अंदर रखी सोने की दो अंगूठियां, एक चांदी की अंगूठी, एक चांदी की चैन में लगा पेंडल और चांदी का कड़ा गायब था। कोई अज्ञात व्यक्ति स्कूटी की डिक्की को डुप्लीकेट चाबी से खोलकर गहने चुराकर ले गया। चोरी हुए गहनों की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए है। जांच अधिकारी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पार्किंग एरिया में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हुए हैं। पार्किंग की ओर जाने वाले लोगों में से संदिग्ध की पहचान की कोशिश की जा रही है।

- खालसा कॉलेज में बैंक का आरआरपीओ का पेपर था
- स्कूटी कॉलेज पार्किंग में खड़ी कर डिक्की में जेवर रखकर युवती परीक्षा देने गई थी

रक्तदान के महत्व के बारे में बताया

नोखा, (कासं)। यहां मांगीलाल बागड़ी राजकीय महाविद्यालय नोखा के प्राचार्य कैप्टन डॉ. रणवीर सिंह ने बताया कि एनसीसी दिवस के उपलक्ष में महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

ये कार्यक्रम 7 राज बटालियन के अंतर्गत संचालित यूनिट द्वारा संपन्न हुए। आयोजित गतिविधियों की शुरूआत राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के गायन से हुई। इसके बाद 'यूनिटी रन' का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से समाज में एक भारत श्रेष्ठ भारत और अनेकता में एकता का संदेश प्रसारित किया गया। कार्यक्रमों के अंत में रक्तदान के महत्व पर एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई।

NOTICE TO SHOW CAUSE.
(GENERAL FORM)
Civil Misc.Non connected(38)/114/2025
Bhanwar Puri Vs Sarvasadharan etc
NEXT DATE:11.12.2025

To,
Sarvasadharan etc

Last Residence of late Maghpuri S/O Harlal R/O Sarunda, Panchu, Public Place, Notice Board, News Paper..

Whereas in the above named Bhanwarpuri has made application to this Court that To Issue Letter Of Administration in favour of Bhanwarpuri in respect of 1/4 part of agricultural land situated at Sarunda in the name of late Maghpur

You are hereby warned to appear in this court in person or by a pleader duly instructed on the 11.12.2025 at 11:00 0' clock in the forenoon, to show cause against the application, failing wherein, the said appliction will be heard and determined ex parte.

Given under my hand and the seal of the Court, this 15.10.2025

(Judge)
न्यायालय की आज्ञा से
मुख्य मंत्रालयिक अधिकारी
न्यायालय जिला एवं सेशन न्यायाधीश
बीकानेर(राज.)

अवैध नशा मुक्ति केन्द्र चलाने पर केस दर्ज

श्रीगंगानगर, (कासं)। सादुलशहर कस्बे में अवैध तरीके से चल रहे नशा मुक्ति केन्द्रों पर प्रशासन के छापेमारी के बाद अब पुलिस थाने में अलग-अलग केस दर्ज करवाए गए हैं।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विरेंद्रपाल सिंह ने पुलिस थाने में महादेव योग ध्यान मेडिटेशन शिविर फाउंडेशन ट्रस्ट, 23 केएसडी के निरीक्षण के को लेकर संचालक दीपक कुमार व केंद्र के कार्यालय में लगे बोर्ड के अनुसार ट्रस्ट के विकास बजाज अध्यक्ष, संदीप कुमार उपाध्यक्ष, अमन मक्कड़ सचिव, राकेश मदान कोषाध्यक्ष, राजकुमार ट्रस्टी, अशोक कुमार ट्रस्टी पर केस दर्ज करवाया है। वहीं जीवन ज्योति नशा मुक्ति एवं पुनर्वास संस्थान धिंगतानिया के निरीक्षण के मामले में बलदेव सिंह व आजाद युवा फाउंडेशन नशा मुक्ति केंद्र के संबंध में रिंकू ठाकरे पर केस दर्ज करवाया है।

एफआईआर में बताया है कि निरीक्षण के दौरान तीनों नशा मुक्ति केंद्र पर 125 से ज्यादा नशा पीड़ित मरीज भर्ती मिले थे। नशा मुक्ति केंद्रों में भर्ती मरीजों के निवास के लिए मात्र एक हॉल था। भर्ती नशा पीडितों के सोने के लिए पलंग नहीं थे। निरीक्षण दल के डॉ. लक्ष्य सिंह पडिहार ने मौके पर मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की तो सभी गंभीर संक्रमण चर्म रोग से पीड़ित पाए गए। उनका किसी प्रकार का उपचार करना नहीं पाया गया। भर्ती नशा पीडितों को अन्य गंभीर संक्रमण रोग होने से इनकार नहीं किया जा सकता।

आग से झोंपड़े में रखे जेवर-नकदी खाक

देशनोक, (कासं)। सोवा रोड स्थित एक खेत में बीती रात भीषण आग लग गई। इस घटना में खेत में बना एक झोंपड़ा पूरी तरह जलकर राख हो गया व घरेलू सामान और नकदी नष्ट हो गई।

वार्ड संख्या 8 निवासी तोलाराम पुत्र मनसुख राम रेगर के खसरा संख्या 1481 के खेत में यह आग रात करीब 2 बजे लगी। आग की लपटें उठते देख आसपास के काश्तकार व खेत के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि आग पर काबू पाने से पहले ही झोंपड़े में रखा सारा सामान जल गया। इसमें घरेलू उपयोग की वस्तुएं, चार चारपाई, बिस्तर, कपड़े, अनाज और गहने शामिल थे। लगभग 1 लाख 70 हजार रुपये की नकदी भी आग की भेंट चढ़ गई।

देश को विकसित बनाने में रेलवे का योगदान महत्वपूर्ण : मेघवाल

बीकानेर, (कासं)। ऑल इंडिया एससी-एसटी रेलवे एम्पलाइज एसोसिएशन का जोनल वार्षिक अधिवेशन रविवार को रेलवे स्टेडियम में आयोजित किया गया।

- ऑल इंडिया एससी-एसटी रेलवे एम्पलाइज एसोसिएशन का जोनल वार्षिक अधिवेशन आयोजित

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल थे। उन्होंने भारतीय संविधान की प्रस्तावना के बारे में बताया और कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने देश को सशक्त संविधान दिया, जो 75 वर्ष बाद भी देश को एक सूत्र में पिरोए हुए है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे महापुरुषों के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए। मेघवाल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन के लिए अंग्रेजों को ललकारा। आदिवासी समाज उन्हें भगवान के रूप में पूजता है। मेघवाल ने कहा कि पूर्व में 26 नवम्बर को कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था। वर्ष 2015 में यह संविधान दिवस घोषित हुआ। यह संविधान निर्माण करने वाली महान आत्माओं के प्रति श्रद्धा के भाव जगाता है।

उन्होंने संविधान एवं इससे जुड़े विभिन्न प्रावधानों के बारे में बताया। मेघवाल ने कहा कि भारत को विकसित बनाने की दिशा में रेलवे का महत्वपूर्ण योगदान है। केंद्र सरकार रेलवे में आधारभूत सुविधाओं के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि रेलवे कार्मिकों की प्रत्येक वाजिब मांग और समस्या का समयबद्ध समाधान करवाया जायेगा। उन्होंने एसोसियशन के साढ़े तीन लाख कार्मिकों को शुभकामनाएं दी।

ऑल इंडिया एससी-एसटी रेलवे एम्पलाइज एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.एल. बैरवा ने एसोसिएशन के कार्यों और गतिविधियों के बारे में बताया।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक :- नियमन/ 2025/ 4512 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 21/11/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री विनित गुप्ता पुत्र श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता निवासी 16 गोल बाजार, वार्ड नं. 16, रायसिंहनगर, श्रीगंगानगर** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित **आवासीय** भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकॉर्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकॉर्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूमि का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 4 एमएल मुख्या नं. 27 किला नं. 22, 23 में माप 62.6 इन्दू 132 फीट भूखण्ड संख्या ए-8, श्याम विहार श्रीगंगानगर	उक्त भूखण्ड का नियमन पट्टा संख्या 9231 दिनांक 21.12.2010 को श्री नितिन अग्रवाल पुत्र श्री श्याम लाल के नाम से जारी किया हुआ है। जो कि नामान्तरण उपरान्त श्रीमती शैली गुप्ता पत्नी श्री विनित गुप्ता के नाम से दर्ज है।	श्रीमती शैली गुप्ता की मृत्यु दिनांक 07.09.2025 को होने के उपरान्त इनके वारिस श्री विनित गुप्ता द्वारा वसीयतनामा दिनांक 01.09.2025 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाह गया है इस सम्बन्ध में **श्री विनित गुप्ता पुत्र श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता निवासी 16 गोल बाजार, वार्ड नं. 16, रायसिंहनगर, श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/ उजर/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमजन/ हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/ उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या:- SGNR/FY25-26/MUT/838 **- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक :- नियमन/ 2025/ 4511 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 21/11/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री निश्चय गुप्ता पुत्र श्री विनीत गुप्ता निवासी 16 गोल बाजार, वार्ड नं. 16, रायसिंहनगर, श्रीगंगानगर** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित **आवासीय** भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकॉर्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकॉर्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूमि का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 1 एक छोटी मुरब्बा नं. 26 किला नं. 22 में माप 30 इन्दू 60 फीट भूखण्ड संख्या 1710 हौमलेण्ड सिटी, श्रीगंगानगर	उक्त भूखण्ड का नियमन पट्टा संख्या 1755 दिनांक 29.08.2013 को श्रीमती शैली गुप्ता पत्नी श्री विनित गुप्ता के नाम से जारी किया हुआ है।	श्रीमती शैली गुप्ता की मृत्यु दिनांक 07.09.2025 को होने के उपरान्त इनके वारिस श्री निश्चय गुप्ता द्वारा वसीयतनामा दिनांक 01.09.2025 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाह गया है इस सम्बन्ध में **श्री निश्चय गुप्ता पुत्र श्री विनीत गुप्ता निवासी 16 गोल बाजार, वार्ड नं. 16, रायसिंहनगर, श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/ उजर/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमजन/ हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/ उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या:- SGNR/FY25-26/MUT/839 **- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक :- नियमन/ 2025/ 4510 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 21/11/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री दिपांशु गुप्ता पुत्र श्री विनीत गुप्ता निवासी 16 गोल बाजार, रायसिंहनगर** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित **आवासीय** भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकॉर्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकॉर्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूमि का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 1 एक छोटी मुरब्बा नं. 26 किला नं. 22 में माप 30 इन्दू 60 फीट भूखण्ड संख्या 1709 हौमलेण्ड सिटी, श्रीगंगानगर	उक्त भूखण्ड का नियमन पट्टा संख्या 1754 दिनांक 29.08.2013 को श्रीमती शैली गुप्ता पत्नी श्री विनित गुप्ता के नाम से जारी किया हुआ है।	श्रीमती शैली गुप्ता की मृत्यु दिनांक 07.09.2025 को होने के उपरान्त इनके वारिस श्री दिपांशु गुप्ता द्वारा वसीयतनामा दिनांक 01.09.2025 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाह गया है इस सम्बन्ध में **श्री दिपांशु गुप्ता पुत्र श्री विनीत गुप्ता निवासी 16 गोल बाजार, रायसिंहनगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/ उजर/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण